# पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

निविदा विज्ञापन क्र.१५२५/भंडार/क्रय/2021 बिलासपुर, दिनांक २०/०७/2021

## खुली निविदा समय वृद्धि सूचना

विश्वविद्यालय द्वारा जारी खुली निविदा क्र. 1398/भंडार/क्रय/2021 दिनांक 12/06/2021 के तिथि में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है ।

1. सर्वर क्रय संबंधी

   निर्धारित तिथि 19/07/2021 को बढ़ाते हुए निविदा खोलने की तिथि 06/08/2021 समय 12:00 बजे की जाती है। पूर्व में जिन फर्मो द्वारा निविदा जमा किया जा चुका है उन्हे पुनः निविदा जमा करने की आवश्यकता नहीं है। किन्तु निविदा प्रपत्र के दर सूची (**Annaxer -1**)) को निर्धारित तिथि के पूर्व बंद लिफाफे में जमा करना अनिवार्य है। इसी स्थिति में इनके निविदा को शामिल किया जा सकेगा।

2. स्टूडियों निर्मा कार्य संबंधी

पूर्व निर्धारित तिथि 20/07/2021 समय 12:00 बजे को बढ़ाते हुए निविदा खोलने की तिथि 07/08/2021 समय 12:00 बजे की जाती है। निविदा की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईड **www.pssou.ac.in** से प्राप्त कर सकते है।

कुलसचिव

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर
कोनी–बिरकोना मार्ग, बिलासपुर फोन 07752–240712, 240752
Web site : www.pssou.ac.in, Email-registrar@pssou.ac.in

# खुली निविदा प्रारूप
## निविदा–प्रपत्र

फार्म क्रमांक:

# सर्वर क्रय
## निविदा
## की शर्तें एवं प्रपत्र

| | | |
|---|---|---|
| निविदा विक्रय की अंतिम तिथि | 05/08/2021 | 5.00 P.M. तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 06/08/2021 | 11.00 A.M. तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 06/08/2021 | 12.00 P.M. तक |

निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 1000/–
अमानत राशि रु **50,000/–**

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर

कोनी–बिरकोना मार्ग, बिलासपुर फोन 07752-240712,240752

**Web site : www.pssou.ac.in, Email-registrar@pssou.ac.in**


**निविदा प्रपत्र का मूल्य 1000/–**

निविदा प्रपत्र रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट/व्यक्तिगत रुप से जमा करने की अंतिम तिथि 06/08/2021
समय : अपराह्न 11.00 A.M. बजे तक

# खुली निविदा प्रपत्र

प्रति,

कुलसचिव,
पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय
छत्तीसगढ़, बिलासपुर

विषय : सर्वर प्रदाय करने की निविदा दर विषयक।

महोदय/ महोदया

उपर्युक्त विषय से संबंधित दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा क्रमांक /भंडार/क्रय/2021 बिलासपुर, दिनांक .................................. के संबंध में निवेदन है कि मुझे बैकअप सर्वर विक्रय हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित की गई समस्त शर्तें क्रमांक 01 से 26 तक मान्य है, अतः बैकअप सर्वर के विक्रय हेतु निविदा प्रस्तुत कर रहा हूँ। मैं आदेश प्राप्त होने के पश्चात् अधिकतम 30 दिवस के भीतर आदेशित सामग्री के विश्वविद्यालय को प्रदाय करूँगा। मेरे द्वारा प्रस्तुत की गई सर्वर के विक्रय की दर समस्त करों सहित विश्वविद्यालय में पहुँचाकर एवं विश्वविद्यालय के समस्त नियम एवं शर्तों के अधीन है। इसके अतिरिक्त किसी प्रकार की कोई भी अन्य राशि विश्वविद्यालय द्वारा देय नहीं होगी। मुझे ज्ञात है कि विश्वविद्यालय द्वारा निविदा सूचना में उल्लिखित की गई क्रय की अनुमानित मात्रा में परिवर्तन का सर्वाधिकार विश्वविद्यालय के पास है एवं मुझे पूरक क्रय आदेश दिए जाने पर विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत दर पर ही वांछित अतिरिक्त सामग्री का प्रदाय विश्वविद्यालय की शर्तों के अधीन करना होगा।

.1 निविदाकर्ता का नाम, पूर्ण पता एवं दूरभाष/मोबाइल नंबर सहित ..........................................................
..........................................................................................................
..........................................................................................................

2. कुलसचिव, पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के नाम से देय अमानत राशि रुपये 50,000/– (पचास हजार रुपये मात्र) का बैंक ड्राफ्ट क्रमांक व बैंक का नाम एवं दिनांक

3 निम्नांकित प्रविष्टियों के साथ सत्यापित छायाप्रति (निम्न में से जो भी लागू हो) निविदा के संलग्न करें।

(क) वाणिज्य कर जीवित पंजीयन प्रमाण–पत्र/GST ..........................................................

(ख) टर्न ओवर प्रमाण–पत्र ..........................................................

(ग) गत वर्ष की आय कर विक्रयकर विवरणिका..........................................................

(घ) नवीनतम आयकर विवरणिका की प्रति ..........................................................

4. निविदाकर्ता द्वारा बैकअप सर्वर के विक्रय कंपनी/निविदाकर्ता के लेटर हैड पर जारी किए गए

अधिकार–पत्र की हस्ताक्षरित प्रति (पद मुद्रा सहित) संलग्न करें।

5 निविदाकार द्वारा निविदा –प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर पद मुद्रा सहित होना आवश्यक है।
निविदाकार के हस्ताक्षर (पद मुद्रा सहित)

निविदाकार का पूरा नाम ..............................................................................

फर्म/कंपनी का नाम ..............................................................................

जी.एस.टी. क्रमांक ..............................................................................

जी.एस.टी. क्रमांक जिनके नाम पर प्रदान किया गया है, उसका पूरा नाम ..............................................................................
कंपनी में उनका पदनाम ..............................................................................

पूर्ण पता एवं दूरभाष/मोबाइल नंबर सहित ..............................................................................

दिनांक ................................ हस्ताक्षर

स्थान ................................ फर्म की सील सहित

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर

कोनी–बिरकोना मार्ग, बिलासपुर फोन 07752–240712, 240752

**Web site: www.pssou.ac.in, Email-registrar@pssou.ac.in**


## निविदा के नियम एवं शर्तें

1. निविदा दो अलग–अलग सीलबंद लिफाफे में रखकर प्रस्तुत किया जाएगा। एक लिफाफे में सुरक्षा निधि, प्रपत्र "अ" एवं "तकनीकी निविदा" लिखा जाएगा। दूसरा लिफाफा "ब" दरों से संबंधित होगा। लिफाफें "ब" के अंदर फर्म/कंपनी द्वारा भरी गई दर का प्रपत्र होगा जिस पर दर लिखी रहेगी। प्रथम लिफाफा (तकनीकी निविदा) वाले लिफाफे को पहले खोला जाएगा, तथा पर्याप्त सुरक्षा निधि 50.0000/– ( राशि पचास हजार रुपये मात्र) का किसी भी राष्ट्रीकृत अनुसुचित वाणिज्यक बैंक द्वारा जारी क्रास्ड बैंक ड्राफ्ट जो कुलसचिव, पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़, बिलासपुर के नाम से देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है) तथा अर्हता संबंधित प्रमाणित प्रमाण–पत्र संतोषजनक होने पर ही दूसरे लिफाफे "ब" को खोला जाएगा।

2. विश्वविद्यालय भंडार विभाग में विज्ञापन में दी गई दिनांक एवं समय के अंदर, कुलसचिव, पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़, बिलासपुर द्वारा उपलब्ध कराए गए निविदा प्रपत्र में ही पूर्ण रूप से भरा सील बंद रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट या व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जमा कर सकते है। किसी भी कारण से निविदा प्राप्त होने में डाक से होने वाले विलंब की जवाबदेही विश्वविद्यालय की नहीं होगी। जो भी निविदा निर्धारित अंतिम तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त होगी, वह नहीं खोली जाएँगी तथा मूलतः निविदाकर्ता को वापस लौटा दी जाएगी।

3. निविदाकर्ता द्वारा जमा की गई अमानत राशि पर विश्वविद्यालय द्वारा कोई भी ब्याज देय नहीं होगा। यह राशि शर्तानुसार समय–सीमा समाप्ति पश्चात् निविदाकर्ता द्वारा आवेदन करने पर निविदाकर्ता को नियमानुसार वापस कर दी जाएगी।

4. पूर्व में विश्वविद्यालय में किसी अन्य प्रयोजन/निविदा के साथ जमा की गई अमानत राशि का समायोजन प्रस्तुत निविदा में नहीं किया जाएगा। अतः इस हेतु किसी भी प्रकार का निविदाकर्ता का आवेदन अमान्य कर दिया जावेगा। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अमानत राशि के बिना जमा की गई निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

5. अंतिम रूप से निविदा स्वीकार होने के पूर्व यदि निविदाकर्ता निविदा वापस लेना चाहे अथवा जिनकी दरें क्रय समिति द्वारा अनुमोदित नहीं होती है, ऐसे समस्त निविदाकर्ता की अमानत राशि, निविदाकर्ता द्वारा कुलसचिव को आवेदन करने पर, बिना किसी ब्याज के नियमानुसार वापस लौटा दी जाएगी।

6. वाणिज्यकर जीवित पंजीयन प्रमाण, जी एस टी पंजीयन पत्र, जी.एस.टी. क्रमांक, गत वर्ष की आयकर विवरणिका, पेन क्रमांक, टर्नओवर प्रमाण पत्र, (CA द्वारा अभिप्रमाणित) तथा गत वर्ष की विक्रयकर विवरणिका (जो भी लागू हो) की स्व–सत्यापित छायाप्रति प्रति निविदा के साथ निविदाकर्ता को संलग्न करना आवश्यक है।

7. निविदा में दी गई दरें विश्वविद्यालय में पहुँचाकर समस्त करों सहित दर्शायी जाएँ तथा दर्शायी गई दरों में (Over writing) होने पर निविदा निरस्त कर दी जाएगी। दरों को अंकों एवं शब्दों में लिखा जाना अनिवार्य है।

8. विश्वविद्यालय द्वारा प्रदाय किए गए निविदाकर्ता अथवा पार्टनर या उनके अधिकृत व्यक्ति द्वारा ही निविदा की दरें (समस्त करों सहित विश्वविद्यालय में पहुँचाकर एवं विश्वविद्यालय के समस्त नियम व शर्तों के पालन के साथ है) भरी जाकर निविदाकर्ता द्वारा मुहर सहित हस्ताक्षरित कर (प्रत्येक पृष्ठ) प्रस्तुत किया जाना होगा।

   कुलसचिव, पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़, बिलासपुर को यह अधिकार होगा कि वह एक या एक से अधिक निविदा स्वीकृत करे या किसी भी समय किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए विश्वविद्यालय हित में निरस्त कर देवे।

9. विश्वविद्यालय द्वारा प्रदाय किए गए निविदाकर्ता (अधिकृत विक्रेता/डीलर) अथवा पार्टनर या उनके अधिकृत व्यक्ति द्वारा ही (निविदा शर्ते पालन के साथ है) भरी जाकर निविदाकर्ता द्वारा मुहर सहित हस्ताक्षरित कर प्रस्तुत किया जाना होगा। इस आश्य का प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

10. निविदा सूचना में क्रय हेतु दर्शायी गई मात्रा, अनुमानित है, मात्रा कम या अधिक करने का संपूर्ण अधिकार कुलसचिव, पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के पास सुरक्षित रहेगा। आवश्कतानुसार मात्रा को अधिक भी किया जा सकता है। निविदाकर्ता, स्वीकृत दर पर ही विश्वविद्यालय के समस्त शर्तों के साथ, सामग्री विश्वविद्यालय को प्रदाय करेगा।

11. निविदा में दर्शायी गई दरों के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का पैंकिंग, डिलवरी, परिवहन आदि या अन्य किसी भी प्रकार का कोई भी व्ययभार, विश्वविद्यालय द्वारा पृथक से देय/मान्य नहीं होगा।

12. निविदा में दर्शायी गई दर पर ही सर्वर आदेश–पत्र में उल्लिखित अवधि में ही विश्वविद्यालय की शर्तों एवं निविदा में उल्लिखित नियम एवं शर्तों के साथ प्रदाय करना होगा।

13. निविदा में वर्णित सामग्री प्रदाय निविदा स्वीकृत होने पर प्रदाय आदेश में उल्लिखित विश्वविद्यालय की समस्त नियम एवं शर्तों के साथ करना होगा। आदेशित अवधि में प्रदाय पूरा नहीं करने पर विलम्ब हेतु कटौती की जाएगी जो निम्नानुसार होगी– अवधि में वृद्धि (कटौती के बिना या कटौती के साथ) किए जाने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है। यदि आदेश पत्र में निर्धारित तिथि से अधिक समय की आवश्यकता हो तो प्रदाय हेतु निर्धारित अंतिम तिथि से कम–से–कम सात दिवस पूर्व इस हेतु आवेदन देना चाहिए ताकि समय वृद्धि पर विचार कर आदेश दिया जा सके। आदेश में दी गई तिथि के अंदर प्रदाय पूर्ण नहीं करने पर निम्नानुसार देयक से कटौती की जाएगी। (अ) 15 दिनों तक के विलंब के लिए 01 प्रतिशत (ब) 30 दिनों तक के विलंब के लिए 03 प्रतिशत (स) 30 दिनों तक के ऊपर विलंब के लिए 05 प्रतिशत। 30 दिवस से अधिक होने पर निविदा आदेश निरस्त हो सकेगा।

14. निविदाकर्ता द्वारा सर्वर स्पेसिफिकेशन के अनुरूप प्रदाय नहीं करने पर सामाग्री स्वीकार या अस्वीकार करने का संपूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा। सर्वर की विक्रय दर स्वीकृत होने के उपरांत निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले किसी भी प्रकार के दस्तावेज/तर्क/एसोशियेसन का पत्र इत्यादि पर विचार नहीं किया जाएगा/मान्य नहीं किया जाएगा।

15 विश्वविद्यालय किसी फर्म को इस आधार पर कार्यादेश दिये जाने हेतु बाध्य नहीं है कि उनकी निविदा दर न्यूनतम है। एक समान एक से अधिक फर्मो की न्यूनतम दर होने पर टर्न ओवर के आधार पर एक से अधिक फर्मो को क्रयादेश दिया जा सकेगा। साथ ही यह कि विश्वविद्यालय हित में संबंधित फर्म/कंपनी से दर के संबंध में मोल–तोल किया जा सकेगा।

16. निविदाकर्ता द्वारा (गलत जानकारी/निविदा में उल्लिखित सामग्री/मानक स्तर/निर्धारित समयावधि में समस्त कर व विश्वविद्यालय में पहुँचाकर नियम व शर्तों के पालन के साथ) **सामग्री प्रदाय नहीं करने पर कुलपति जी को पूर्ण अधिकार होगा कि वे निविदा को किसी भी स्तर पर निरस्त कर सकें।**

17. विश्वविद्यालय द्वारा प्रदाय किया गया निविदा प्रपत्र एवं नियम व शर्तों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता के सील सहित हस्ताक्षर कर विश्वविद्यालय में निविदा के साथ जमा करना होगा।

18. सामग्री के साथ किसी भी प्रकार की छूट या आफर यदि निर्माता कंपनी द्वारा दिया जा रहा हो तो इसका लाभ निविदाकर्ता विश्वविद्यालय को देगा अन्यथा की स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा उपयुक्त (आफर के अनुसार) राशि की कटौती करके निविदाकर्ता के देयक का भुगतान किया जाएगा जिसे निविदाकर्ता/प्रदायकर्ता को मान्य करना होगा।

19. गुणवत्ता का निर्धारण विश्वविद्यालय तकनीकी विशेषज्ञ, समिति के द्वारा किया जाएगा तथा प्राप्त न्यूनतम दर पर क्रय किए जाने की बाध्यता नहीं होगी। बल्कि फर्म/कंपनी द्वारा प्रदाय की जाने वाली सामग्री की तकनीकी विवरण के आधार पर क्रयादेश दिया जा सकेगा। इस विषय में विश्वविद्यालय स्वतंत्र है। निविदाकर्ता सभी सामग्री प्रदाय हेतु निविदा प्रपत्र विश्वविद्यालय से क्रय कर अमानत राशि के साथ पृथक – पृथक लिफाफे में अपनी निविदा नियमानुसार प्रस्तुत कर सकता है तथा निविदा खोले जाने के समय उपस्थित रह सकता है।

20. केवल अधिकृत विक्रेता ही निविदाकार के रूप में मान्य होगें । इस हेतु अधिकृत कंपनी द्वारा प्रमाणित प्रमाण पत्र जमा करना होगा ।

21. निविदा प्रपत्र के साथ सामग्री का ब्रांड नाम एवं माडल नंबर का उल्लेख करना अनिवार्य होगा ।

22. विश्वविद्यालय के आवश्यकतानुसार निविदाकार द्वारा प्रदाय सामग्रियों का विवरणिका (BROCHURE) भी साथ में संलग्न करें ।

23. विश्वविद्यालय के आवश्यकता एवं स्थान की उपलब्धता के अनुसार सामाग्रियों के डिजाइन (DESIGN) को वरीयता दी जाएगी ।

24 निविदा प्रपत्र में उल्लेखित सामग्री का तकनीकी विवरण न्यूनतम है ,इसे पूरा करना अनिवार्य होगा ।

25. किसी भी विवाद की स्थिति में पहली अपील कुलसचिव, पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर को निविदा खोलने की तिथि के एक सप्ताह के अंदर तथा द्वितीय अपील पर दो सप्ताह के अंदर कुलपति महोदय, पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर को किया जा सकता है। कुलपति जी, निर्णय हेतु, प्रकरण किसी भी आरबीटेंटर को भेज सकेंगे (आरबीट्रेशन एक्ट के अनुसार)। कुलपति जी के स्वयं निर्णय या आरबीट्रेटर का निर्णय सर्वमान्य होगा एवं निविदाकर्ता पर बाध्य होगा।

26. इस निविदा संबंधी किसी भी न्यायालयीन विवाद की स्थिति में बिलासपुर न्यायालय का क्षेत्राधिकार ही मान्य होगा।

**कुलसचिव**
पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय
छत्तीसगढ़, बिलासपुर



This PC/ACER DATA D:/Bhandar W/A APR- 31 MARCH 2021-22/BACKUP SERVER TENDER/ABHINANDAN

## निविदा प्रपत्र "अ"

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र | | | |
| 2 | अमानत राशि रु. 50,000/– (पचास हजार) का बैक का डिमांड ड्राफ्ट जो कि कुलसचिव पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के नाम से देय हो। | | | |
| 3 | निविदा प्रपत्र का निर्धारण शुल्क (रु. एक हजार) | | | |
| 4 | वणिज्य कर जीवित पंजीयन/जी.एस.टी. पंजीयन | | | |
| 5 | फर्म की टर्न ओवर पिछले तीन वर्षो में 45 लाख प्रतिवर्ष ( C. A. से सत्यापित) | | | |
| 6 | आयकर विवरणिका (नवीनतम) | | | |
| 7 | प्रमाणित नमूना (लागू होने पर) | | | |
| 8 | दर अनुसूची | | | |
| 09 | जी. एस.टी./टिन क्रमांक (नियमानुसार जो लागू हो) एवं जिसके नाम पर हो की छायाप्रति | | | |
| 10 | अधिकृत निविदा शर्त क्रमांक 9 के अनुसार, अधिकृत विक्रेता (डीलर) होने संबंधी प्रमाण–पत्र। | | | |

निविदाकार का हस्ताक्षर
फर्म का नाम
फर्म का सील/स्टाम्प

# //घोषणा//

मैं पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर द्वारा निविदा –प्रपत्र के साथ दिए गए समस्त नियम एवं शर्तें सरल क्रमांक 01 से लेकर 26 तक का भली–भाँति पढ़ लिया हूँ तद उपरांत निविदा की दरें (समस्त करों सहित विश्वविद्यालय में पहुँचाकर एवं विश्वविद्यालय के समस्त नियम एवं शर्तों के साथ) भरी गयी है। मुझे निविदा प्रपत्र मे उल्लिखित समस्त नियम एवं शर्तें मान्य है एवं मुझ पर बंधनकारी है।

निविदाकार के हस्ताक्षर (पद मुद्रा सहित)
निविदाकार का पूरा नाम ..............................................................................

फर्म/कंपनी का नाम ..............................................................................

टिन/ जी. एस. टी. क्रमांक ..............................................................................

टिन/ जी. एस. टी. क्रमांक जिनके नाम पर ..............................................................................

प्रदान किया गया है, उसका पूरा नाम

कंपनी में उनका पदनाम ..............................................................................

पता एवं दूरभाष/मोबाइल नंबर सहित ..............................................................................

दिनांक ................................ हस्ताक्षर

स्थान ................................ फर्म की सील

# SERVER CONFIGURATION

| SR.NO. | Specification | Value |
|---|---|---|
| 1 | Specification Form factor Rack | Rack |
| 2 | Size (RU) | 2 |
| 3 | Processor Make | Intel |
| 4 | Min. Number of Sockets populated with processor | 2 |
| 5 | Number of core per Processor | 24 |
| 6 | Processor base frequency | 3 |
| 7 | Processor | Intel Xeon Gold 6248R or Higher |
| 8 | Type of RAM | DDR4 |
| 9 | RAM Size (GB) min | 128 |
| 10 | RAM upgradable upto (GB) min | 1024 |
| 11 | Tppe of Hard Disk Drive | SAS |
| 12 | Min Number of Slots available for SAS | 6 |
| 13 | Hard disk drive Capacity (TB) min | 12 |
| 14 | Hard disk drive Speed (RPM) | 10K |
| 15 | RAID Type | 6 |
| 16 | Video Controller (support VGA or above resolation) | Yes |
| 17 | USB Ports (version 2.0/3.0) | 3 |
| 18 | Certifications Compluiance support by Windows, Red Hat or Novell or Oracle Cluster or Linux or AIX S/W | Yes |
| 19 | DVD ROM (or better) | 8 x or better |
| 20 | Min. No. of Networking interface card (LAN) | 2 |
| 21 | Network Card Supported | 1G, 10G, 25G |
| 22 | Total No. of Ethernet port required in server | 4x1G, 2x10G with SFP+ |
| 23 | Redundant Power Supply | Yes |
| 24 | RoHS Compliance | Yes |
| 25 | Power Supply | 230v+/-10%, 50 Hz* |
| 26 | On site OEM Warranty (years) | 3 Or higher |

# PRICE LIST

निम्नानुसार सर्वर के **Specification** को सम्पूर्ण इकाई (एकजाई ) मानते हुए दर प्रस्तुत किया जा रहा हैं ।

| SR.NO. | Specification | Value | Price (in fingur) | Price ( In Word) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Specification Form factor Rack | Rack | | |
| 2 | Size (RU) | 2 | | |
| 3 | Processor Make | Intel | | |
| 4 | Min. Number of Sockets populated with processor | 2 | | |
| 5 | Number of core per Processor | 24 | | |
| 6 | Processor base frequency | 3 | | |
| 7 | Processor | Intel Xeon Gold 6248R or Higher | | |
| 8 | Type of RAM | DDR4 | | |
| 9 | RAM Size (GB) min | 128 | | |
| 10 | RAM upgradable upto (GB) min | 1024 | | |
| 11 | Tppe of Hard Disk Drive | SAS | | |
| 12 | Min Number of Slots available for SAS | 6 | | |
| 13 | Hard disk drive Capacity (TB) min | 12 | | |
| 14 | Hard disk drive Speed (RPM) | 10K | | |
| 15 | RAID Type | 6 | | |
| 16 | Video Controller (support VGA or above resolation) | Yes | | |
| 17 | USB Ports (version 2.0/3.0) | 3 | | |
| 18 | Certifications Compluiance support by Windows, Red Hat or Novell or Oracle Cluster or Linux or AIX S/W | Yes | | |
| 19 | DVD ROM (or better) | 8 x or better | | |
| 20 | Min. No. of Networking interface card (LAN) | 2 | | |
| 21 | Network Card Supported | 1G, 10G, 25G | | |
| 22 | Total No. of Ethernet port required in server | 4x1G, 2x10G with SFP+ | | |
| 23 | Redundant Power Supply | Yes | | |
| 24 | RoHS Compliance | Yes | | |
| 25 | Power Supply | 230v+/-10%, 50 Hz* | | |
| 26 | On site OEM Warranty (years) | 3 Or higher | | |

टीप – उपरोक्त दर समस्त कर (GST) सहित प्रस्तुत की जा रही है।

निविदाकार का हस्ताक्षर
फर्म का नाम
फर्म का सील/स्टाम्प